INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST-2 (2017-18)
SUBJECT-HINDI

SET-2

No. of Printed Page-2

DATE: 15.01.18 | Max Marks: 20
CLASS : VI | Time : 40 Minutes

सामान्य निर्देश : 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
2. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए। [5]

एक राजा को पशु-पक्षियों को पालने का बहुत शौक था।उसने एक बंदर भी पाल रखा था।राजा के मंत्रियों ने एकाध बार प्रार्थना की कि बंदर में बुद्धि कम होती है, अतः वह कभी राजा को हानि पहुँचा सकता है, पर राजा ने किसी की एक न सुनी। वह बंदर भी समझदार और स्वामिभक्त था। एक दिन राजा को नींद आ गई, तो बंदर राजा को हवा करने लगा। बंदर को पंखा झलते देख मंत्रिगण और नौकर-चाकर भी चकित रह गए। तभी बंदर ने देखा कि एक मक्खी बार-बार राजा की नाक पर बैठ रही है।बंदर ने कई बार मक्खी को उड़ाने का प्रयत्न किया पर हर बार वह पुनः राजा की नाक पर बैठ जाती।क्रोध में आकर बंदर तलवार उठा लाया और जैसे ही मक्खी राजा की नाक पर बैठी, बंदर ने उस पर तलवार से वार किया। मक्खी तो उड़ गई, पर राजा की नाक कट गई।

(क) राजा ने क्या पाल रखा था ?
(ख) बंदर को पंखा झलते देख कौन चकित रह गया ?
(ग) मंत्रियों के अनुसार बंदर पालना सही क्यों नहीं था?
(घ) बंदर को किस पर गुस्सा आया ?
(ङ) मक्खी को मारने के लिए बंदर क्या उठा लाया?

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के कारक भेद लिखिए । [2]

(क) सरिता ने गाय को घास खिलाई।
(ख) मेरे बेटे की नौकरी लग गई।
(ग) अरे! यह क्या कर रहे हो?
(घ) पूजा ने फूलों से रँगोली सजाई।

प्रश्न 3. समय शब्द के दो अनेकार्थी शब्द लिखिए । **[1]**

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए । **[1]**

(क) महीने में एक बार होने वाला -
(ख) जो कभी न मरे -

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा? **[1]**

उसके पास जो टिकट है, वही दिखा दो।

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । **[2]**

(क) असली (ख) मखमली (ग) सुभट (घ) घुड़की देना

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों और मुहावरों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए । **[2]**

(क) चेहरा तमतमाना (ख) अवधि

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं 3** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[6]**

(क) लेखक ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है ?
(ख) हेलेन केलर प्रकृति की किन चीजों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थीं ?
(ग) कविता में रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के कौन-कौन से शौक बताए हैं ?
(घ) लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की ?

समाप्त